उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

संख्याः पीआरपीबी–चार–4(1)–मृ0आ0(SIC-02)/2025 दिनांकः अप्रैल 15,2026

# सूचना/विज्ञप्ति

## सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) तथा पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पद पर सेवायोजन हेतु टंकण परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में।

इस बोर्ड की सूचना/विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–चार–4(1)–मृ0आ0(SIC-02)/2025 दिनांक 30.01.2026 के क्रम में सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सेवायोजन हेतु "उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली, 2015 (यथा संशोधित)" के प्रावधानों के अनुसार दिनांक 17.02.2026 को जनपद–लखनऊ में समस्त पात्र अभ्यर्थियों/कार्मिकों की टंकण (हिन्दी तथा अंग्रेजी) परीक्षा सम्पन्न की गयी। जिसका परिणाम निम्नवत् है :–

| क0 सं0 | पदनाम | रिक्तियां | पात्र अभ्यर्थी | टंकण परीक्षा परीक्षा का परिणाम | | | | टंकण परीक्षा में सफल/लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उपस्थित | अनुपस्थित | सफल | असफल | |
| 01 | पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) | 02 | 13 | 12 | 01 | 01 | 11 | – |
| 02 | पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) | 05 | 49 | 42 | 07 | 11 | 31 | परिशिष्ट–1 |
| 03 | पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) | 02 | 04 | 04 | – | 03 | 01 | परिशिष्ट–2 |

2– मृतक आश्रित के रूप में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के रिक्त पदों के सापेक्ष टंकण परीक्षा एवं/या आशुलिपि परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों से कम होने के कारण नियमानुसार इनके लिये कोई लिखित परीक्षा आयोजित किये जाने की आवश्यकता न पाये जाने के दृष्टिगत चयन परिणाम अग्रेतर कार्यवाही हेतु पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को प्रेषित किया गया है।

3– मृतक आश्रित के रूप में पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) पद पर सेवायोजन हेतु आयोजित दक्षता मूल्यांकन (टंकण) परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की संख्या सम्बन्धित पद पर भर्ती की जाने वाली कुल रिक्तियों की संख्या से अधिक होने के दृष्टिगत नियमानुसार उक्त **टंकण परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों (परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2) की लिखित परीक्षा दिनांक 22.05.2026 को जनपद–लखनऊ में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।** यह परीक्षा ओ0एम0आर0 आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। इस परीक्षा में कोई अर्हकारी अंक नहीं होंगे एवं इस परीक्षा को केवल अभ्यर्थियों

का श्रेष्ठता क्रम निर्धारित करने के लिये आयोजित किया जायेगा, जिसके आधार पर उनका अन्तिम रूप से चयन किया जायेगा।

4– लिखित परीक्षा के विवरण/पाठ्यक्रम से बोर्ड की सूचना/विज्ञप्ति दिनांक 30.01.2026 के माध्यम से पूर्व में ही अवगत कराया जा चुका है। प्रश्नपत्र में Negative Marking नहीं होगी। ओ0एम0आर0 शीट पर व्हाइटनर या ब्लेड का प्रयोग वर्जित होगा। यदि प्रश्नपत्र का कोई प्रश्न निरस्त होता है तो ऐसी स्थिति में रिट याचिका संख्या–2669/2009 (एम0बी0) पवन कुमार अग्रहरि बनाम उ0प्र0 लोक सेवा आयोग व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के अनुसार निस्तारण किया जायेगा। इस परीक्षा में सभी अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के अनुसार श्रेष्ठता सूची/चयन परिणाम तैयार किया जायेगा। चयन सूची में स्थान न पाने वाले अभ्यर्थियों को सम्बन्धित पद हेतु असफल घोषित किया जायेगा।

5– दक्षता मूल्यांकन (टंकण) परीक्षा में सफल/लिखित परीक्षा हेतु **पात्र अभ्यर्थी दिनांक 12.05.2026 को सायं 05:00 बजे से बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर दिये गये लिंक पर क्लिक कर इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न परिशिष्ट/सूची में अंकित नाम के सम्मुख उल्लिखित टंकण परीक्षा का अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि अंकित कर प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकेंगे हैं। अभ्यर्थी** प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर इसका अनुपालन सुनिश्चित करते हुये प्रवेश पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना रंगीन फोटोग्राफ चिपकायेंगे, सेवायोजन प्रस्तावक जनपद/इकाई के कार्यालयाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करेंगे, जिसे कार्यालयाध्यक्ष द्वारा सत्यापित किया जायेगा तथा मूल प्रवेश–पत्र की छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे। अभ्यर्थीगण प्रवेश–पत्र में अंकित केन्द्र पर निर्धारित तिथि को, प्रवेश पत्र एवं पहचान हेतु अपना मूल आधार/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेन्स में से कोई एक पहचान पत्र के साथ प्रातः 09:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। सभी अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक मिलान टंकण परीक्षा के समय लिये गये बायोमैट्रिक डाटा से किया जायेगा। बायोमैट्रिक मिलान होने के उपरान्त ही अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जायेगी। परीक्षा में अनुपस्थित अथवा परीक्षा में भाग लेकर विहित मानक प्राप्त न कर सकने के कारण असफल हो जाने वाले अभ्यर्थी/कार्मिक को दूसरा मौका नहीं दिया जायेगा और स्वास्थ्य के कारण या किसी अन्य आधार पर चाहे जो भी हो, पुनः परीक्षा के लिये अपील नहीं की जा सकेगी।

6– परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट्स तथा व्हाइटनर/ब्लेड, ज्वलनशील पदार्थ व पानी की बोतल इत्यादि ले जाना अथवा उसका प्रयोग करना पूर्णतयः वर्जित है। परीक्षा के दौरान कोई अभ्यर्थी नकल करते हुये अथवा अनुचित संसाधनों का प्रयोग करते हुये पाया जाता है तो बोर्ड द्वारा उसके विरूद्ध ***"उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024"*** के अनुसार कार्यवाही की जा सकती है। इस सम्बन्ध में बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा।

7– अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ का अवलोकन करते रहें। यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त या अनुमन्य होगा।

<u>संलग्नकः परिशिष्ट–1 एव 2</u>

**अपर सचिव, प्रोन्नति**
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ

परिशिष्ट–1

मृतक आश्रित के अन्तर्गत पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के पद पर सेवायोजन हेतु टंकण परीक्षा में सफल एवं दिनांक 22.05.2026 को प्रस्तावित लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची

| क0सं0 | अनुक्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | दिवंगत पुलिस कर्मी का नाम | मृत कर्मी से सम्बन्ध | आवेदित पद | प्रस्तावक जनपद/इकाई | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 260217024 | VIPIN YADAV | LATE YASHWANT YADAV | SON | ASI (Ministerial) | VARANASI | 25-09-2001 |
| 2 | 260217030 | ANJALI KUMARI | LATE BRIJ KISHOR LAL | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | GORAKHPUR | 16-03-1991 |
| 3 | 260217032 | RAGHVENDRA SINGH | LATE SUBHASH SINGH | SON | ASI (Ministerial) | DEORIA | 23-03-2002 |
| 4 | 260217033 | SHUBHANGI SINGH | LATE RANDHEER SINGH | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | BASTI | 15-09-1999 |
| 5 | 260217035 | ADITYA PRATAP SINGH | LATE ANIL KUMAR SINGH | SON | ASI (Ministerial) | SIDDHARTHNAGAR | 29-05-2003 |
| 6 | 260217046 | RAHUL KUMAR | LATE SURENDRA VIKRAM PAL SINGH | SON | ASI (Ministerial) | HARDOI | 01-06-1996 |
| 7 | 260217049 | VAIBHAV MISHRA | LATE VINAY KUMAR MISHRA | SON | ASI (Ministerial) | BARABANKI | 14-01-2000 |
| 8 | 260217050 | NEERAJ YADAV | LATE OM PRAKASH | SON | ASI (Ministerial) | SITAPUR | 09-05-2003 |
| 9 | 260217052 | SRISHTI SRIVASTAVA | LATE SHAILESH SRIVASTAVA | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | COMM. KANPUR NAGAR | 13-12-2000 |
| 10 | 260217053 | PAWAN KUMAR SHUKLA | LATE YAGYA NATH SHUKLA | SON | ASI (Ministerial) | COMM. KANPUR NAGAR | 05-08-1996 |
| 11 | 260217057 | ANJALI YADAV | LATE SARVESH KUMAR | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | BULANDSHAHAR | 12-02-1997 |

अपर सचिव, प्रोन्नति
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।

## परिशिष्ट–2

मृतक आश्रित के अन्तर्गत पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर सेवायोजन हेतु टंकण परीक्षा में सफल एवं दिनांक 22.05.2026 को प्रस्तावित लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची

| क0सं0 | अनुक्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | दिवंगत पुलिस कर्मी का नाम | मृत कर्मी से सम्बन्ध | आवेदित पद | प्रस्तावक जनपद/इकाई | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 260217063 | KIRAN DIWAKAR | LATE DHARMPAL | DAUGHTER | ASI (Account) | PILIBHIT | 05-03-1998 |
| 2 | 260217064 | BHARAT BHUSHAN | LATE GOVIND NARAYAN | SON | ASI (Account) | RANGE OFFICE, PRAYAGRAJ | 19-09-1994 |
| 3 | 260217066 | RAJ GUPTA | LATE PAVAN KUNAR GUPTA | SON | ASI (Account) | KANPUR NAGAR | 25-09-2000 |

अपर सचिव, प्रोन्नति
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।